भोपाल | बुधवार | 2 जुलाई 2025 | वर्ष 69 | अंक 148 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण



4 अब जीपीएस पर भी होने लगा साइबर अटैक



5 स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी : मुर्मु



8 महेंद्र सिंह धोनी ने 'कैप्टन कूल' ट्रेडमार्क कराया



9 एसबीआई ने बदली बैंकिंग की तस्वीर : सीतारमण

## हेमंत खंडेलवाल भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बने मुख्य प्रस्तावक
- खंडेलवाल नामांकन भरने वाले अकेले उम्मीदवार

**06** माह से चल रही अटकलों पर लगा विराम | **10.30** बजे सुबह प्रदेश कार्यसमिति की होगी बड़ी बैठक | **2013** से खंडेलवाल बैतूल विस क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 जुलाई. प्रदेश भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने वाले हेमंत खंडेलवाल अब प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे. मंगलवार शाम को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारी गहमागहमी के बीच उन्होंने नामांकन भरा. नामांकन भरने वाले खंडेलवाल अकेले उम्मीदवार थे. उन्हें कोई चुनौती देने वाला नहीं था, लिहाजा ऐसे में अब पिछले 6 माह से भी अधिक समय से नये प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चल रहे अटकलों पर विराम लग गया है.**


खंडेलवाल के नाम की विधिवत घोषणा बुधवार को होगी. इसके लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुबह 10.30 बजे प्रदेश कार्यसमिति की बड़ी बैठक होगी, जिसमें केंद्रीय चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान उनके निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा करेंगे. इसके बाद कार्यालय में ही उनका स्वागत होगा. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए एक बार फिर निर्विरोध चुनाव की प्रक्रिया को बरकरार रखकर भाजपा ने ये संकेत दे दिया है कि मप्र भाजपा में किसी तरह की कोई गुटबाजी नहीं है. मप्र संगठन के मामले में दूसरे राज्यों के लिए हमेशा की तरह रोड मॉडल बना हुआ है. जिसका अनुसरण दूसरे राज्य भी कर सकते हैं. नामांकन भरने की प्रकिया शुरू होने से पहले प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर देखा. मुख्यमंत्री भी इशारों में ही संगठन महामंत्री की भावना समझ गए और मौजूदा भाजपा कोषाध्यक्ष को हाथ पकड़कर अपने साथ मंच पर ले गये. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उनके मुख्य प्रस्तावक बने. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, निर्वाचन अधिकारी विवेक शेजवलकर और पर्यवेक्षक सरोज पांडे के सामने खंडेलवाल ने नामांकन भरा.

( शेष पेज 12 पर )

### लो प्रोफाइल जो कि सबसे बड़ी ताकत बनी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए हेमंत खंडेलवाल एक ऐसा नाम था, जिस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं थी. चाहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हों या फिर पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ही क्यों न हों, सभी इस नाम पर सहमत थे. खंडेलवाल को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेन्द्र खटीक, केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, श्रीमती सावित्री ठाकुर का भी समर्थन था. खंडेलवाल का लो प्रोफाइल होना ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बन गया. कम शब्दों में मर्यादा के साथ शालीन तरीके से अपनी बात कहना उनकी विशेषता रही है. राजनीति में रहकर कभी किसी के लिए कटू शब्दों का उपयोग नहीं किया. इसी का नतीजा था कि उनको लेकर किसी के मन में कोई मायूसी नहीं थी और सभी ने उनके नाम पर सहमति जताई.

### वीडी शर्मा पांच वर्ष से भी अधिक समय तक रहे प्रदेश अध्यक्ष



मौजूदा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहे वीडी शर्मा प्रदेश के सबसे सफल भाजपा अध्यक्षों में शुमार किये जाएंगे. शर्मा को 20 मार्च 2020 को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था, सामान्य तौर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है, लेकिन शर्मा पिछले पांच वर्ष से भी अधिक समय से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. शर्मा के कार्यकाल के दौरान ही प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ. कांग्रेस की तत्कालीन सरकार का पतन हुआ और फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी. बाद में विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को बड़ी जीत दिलाने में उनकी निर्णायक भूमिका रही.





उमराव जान की थियेटर में पुनः रिलीज !

## एक नजर में



### केंद्र की सत्ता में आए तो आरएसएस को करेंगे बैन

**नयी दिल्ली.** कांग्रेस नेता और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाया जाएगा. उन्होंने आरोप लगाया कि संघ धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के खिलाफ काम करता है. खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी दो बार संघ पर बैन लगाया था और अब उसे हटाने का अफसोस है. प्रियांक ने सवाल उठाया कि आरआरएस अपनी ही पार्टी भाजपा से यह क्यों नहीं पूछता कि देश में बेरोजगारी क्यों बढ़ रही है या आतंकी घटनाएं क्यों हो रही हैं.

### ट्रम्प ने मस्क को दी अफ्रीका लौटने की धमकी

**वाशिंटन.** अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उद्योगपति एलन मस्क के बीच बड़ा टकराव सामने आया है. ट्रंप ने मस्क को सरकारी रियायतें खत्म करने और दक्षिण अफ्रीका लौटने की धमकी दी. इस पर मस्क ने एक्स पर पलटवार करते हुए कहा, सब कुछ बंद कर दो, मैं तैयार हूं. ट्रंप का दावा है कि मस्क को इतिहास की सबसे अधिक सरकारी रियायतें मिली हैं, जिनमें टेस्ला और स्पेसएक्स शामिल हैं. यह विवाद वन बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर है जिसकी अनुमानित लागत 4.5 लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है. मस्क ने कहा, यह बिल अमेरिका को कर्ज में डुबो देगा.

### मणिपुर में सुरक्षाबल ने किए 3 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल.** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान समन्वित अभियानों में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि पहली गिरफ्तारी इंफाल पूर्व के पोरोमपत पुलिस स्टेशन के अंतर्गत खुरई कोंगपाल थौबांडोंग क्षेत्र में हुई. यह व्यक्ति घाटी क्षेत्रों में भूमि विवाद, महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित आपराधिक मामलों और ऋण वसूली का निपटारा करने वाली स्वयंभू कंगारू अदालत चलाने में शामिल था.

### विदेशों में रह रहे भारतीयों ने भेजा रिकॉर्ड पैसा

**नयी दिल्ली.** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और विश्व बैंक के अनुसार, विदेशों में काम कर रहे भारतीयों ने वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 135.46 अरब डॉलर भारत भेजे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि है. यह राशि भारत के कुल चालू खाता प्रवाह (1 ट्रिलियन डॉलर) का 10 प्रतिशत से अधिक है. सिर्फ जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में ही 33.9 अरब डॉलर भारत आए. भारत रेमिटेंस पाने वाला दुनिया का शीर्ष देश बना, जबकि मेक्सिको (68 अरब डॉलर) और चीन (48 अरब डॉलर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे.

### गुस्ताखी माफ





## यूपी में पढ़ाएंगे वैदिक गणित

**लखनऊ, 1 जुलाई. उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 से 8 तक वैदिक गणित को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा.**

यह बदलाव नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के अनुरूप किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्रों में तेज गणना क्षमता, तार्किक सोच और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ाना है. वैदिक गणित की अवधारणा स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ ने 20वीं सदी में दी थी, जिसमें 16 सूत्र और 13 उपसूत्रों के माध्यम से जोड़, घटाव, गुणा और भाग को सरल बनाया जाता है. छात्रों को वैदिक गणित की पद्धतियों से परिचित कराने के लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा. एनसीईआरटी की नई गणित पुस्तकें वैदिक गणित के अध्यायों से समृद्ध होंगी.



## बादल फटने से चार की मौत

**शिमला, 01 जुलाई. हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भारी मानसूनी बारिश और बादल फटने की घटनाओं में अब तक चार लोगों की मौत हो गयी है और चार अन्य घायल हैं। इन वर्षा जनित हादसों में 16 अन्य लोग लापता हैं।**

पिछले 15 घंटों के दौरान सैंडहोल में 224 मिलीमीटर, मंडी में 216 मिमी और पंडोह में 215 मिमी बारिश दर्ज की गई जिससे अचानक बाढ़ और भूस्खलन की घटनायें हुयीं। इस दौरान बादल फटने से चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए तथा 16 अन्य लापता हैं।बचाव दल ने अब तक 287 लोगों को बचाया है जिनमें मंडी में 233, हमीरपुर में 51 और चंबा में तीन लोग शामिल हैं। इन घटनाओं में मकान, सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं.

## एआई 171 विमान हादसा, ब्रिटेन में केस की तैयारी

**लंदन.** एयर इंडिया फ्लाइट एआई 171 हादसे में मारे गए यात्रियों के ब्रिटेन में रहने वाले परिजन अब एयर इंडिया और बोइंग के खिलाफ यूके की अदालतों में कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं. ये परिजन लंदन स्थित कीस्टोन लॉ नामक कानूनी फर्म से संपर्क में हैं, जो मुआवज़े की राशि बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय विमानन कानूनों के तहत ज़िम्मेदारियों की समीक्षा कर रही है. कीस्टोन लॉ ने पुष्टि की है कि वह टाटा एआईजी द्वारा दी गई प्रारंभिक वित्तीय सेटलमेंट की पेशकशों की समीक्षा कर रही है, और यह जांच रही है कि एयर इंडिया पीड़ित परिवारों को कानूनन अग्रिम भुगतान देने की कितनी ज़िम्मेदारी रखती है.

## मोदी सरकार दो साल में देगी 3.5 करोड़ नौकरियां

**कैबिनेट ने ईएलआई योजना पर लगाई मुहर**

**खेल नीति, रोजगार योजना और हाईवे प्रोजेक्ट को मंजूरी**



**नयी दिल्ली, 1 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 1 जुलाई 2025 को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में देशहित से जुड़े 4 बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई. इन फैसलों में नई राष्ट्रीय खेल नीति, रोजगार प्रोत्साहन योजना, रिसर्च व इनोवेशन स्कीम और परमाकुड़ी-रामनाथपुरम फोर लेन हाईवे प्रोजेक्ट शामिल हैं.**

सरकार ने 'खेलो भारत नीति 2025' को स्वीकृति दी है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप होगी और नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी 2021 की जगह लेगी. इस नीति का उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें प्रशिक्षित करना है. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह नीति प्रधानमंत्री मोदी की 11 वर्षों की सोच का विस्तार है.

दूसरा बड़ा फैसला एंप्लॉयमेंट लिंक्ड इनसेंटिव (ईएलआई) योजना को लेकर लिया गया. इसका लक्ष्य अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों का सृजन करना है. इसके लिए सरकार ने 99,446 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया है. योजना 2 भागों में लागू होगी. पहला भाग पहली बार नौकरी पाने वालों को दो किश्तों में 15,000 तक का वेतन प्रोत्साहन देगा.1 लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी पात्र होंगे.

> तीसरा निर्णय रिसर्च एंड इनोवेशन स्कीम को लेकर है, जिसमें 1 लाख करोड़ का कॉर्पस बनाया जाएगा. इसका उद्देश्य स्वदेशी नवाचार को बढ़ावा देना है. चौथे फैसले के तहत परमाकुड़ी से रामनाथपुरम तक 46.7 किमी लंबा फोर लेन हाईवे बनाने को मंजूरी दी गई है, जिसकी लागत 1,853 करोड़ होगी. इससे पंबन ब्रिज को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी.

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 6 की मौत



**शिवकासी, 1 जुलाई.** तमिलनाडु के शिवकासी में एक निजी पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार सुबह भीषण विस्फोट हो गया, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. मृतकों में 4 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं. विस्फोट उस समय हुआ जब कर्मचारी फैक्ट्री में पटाखों के निर्माण के दौरान ज्वलनशील रसायनों के साथ काम कर रहे थे. धमाका इतना तेज था कि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक उसकी आवाज सुनाई दी और फैक्ट्री से भारी धुआं उठता देखा गया. पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं.

### तेलंगाना विस्फोट में मरने वालों की संख्या 40 हुई

**हैदराबाद, 01 जुलाई.** तेलंगाना में हैदराबाद शहर के बाहरी इलाके संगारेड्डी में 3 मंजिला रासायनिक संयंत्र में विस्फोट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 40 हो गई और 43 कर्मचारी अभी भी लापता हैं. 40 मृतकों में से कई शव इतने जल गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है और अब तक केवल 9 शवों की पहचान हो पाई है. घायलों में से कुछ का अभी भी पाटनचेरू के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है.

## एलओसी पर सेना ने की घुसपैठ नाकाम

**नयी दिल्ली, 1 जुलाई.** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना ने रविवार को एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया. सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के कोटली जिले के डाटोटे गांव निवासी मोहम्मद आरिफ अहमद को गिरफ्तार किया, जो जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों का गाइड था. वह पाकिस्तानी सेना के निर्देश पर चार जैश आतंकियों को भारत में घुसपैठ कराने की कोशिश कर रहा था.घटना राजौरी के गम्भीर सेक्टर में हजूरा पोस्ट के पास हुई, जहां सेना की सतर्कता के चलते आरिफ को धर दबोचा गया.

## तेजस्वी भड़काना चाहते हैं सांप्रदायिकता

**नयी दिल्ली, 1 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि वे बिहार में सांप्रदायिक तनाव भड़काने का प्रयास कर रहे हैं और संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहे हैं.**



भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि तेजस्वी यादव वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पटना में आयोजित एक रैली में शामिल हुए और कानून को कूड़ेदान में डालने जैसी असंवैधानिक बातें कही. भाटिया ने कहा कि यह कानून फिलहाल उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और अदालत ने इस पर अपना आदेश सुरक्षित रखा है, ऐसे में तेजस्वी का यह रवैया अराजकतावादी और संविधान विरोधी है. भाटिया ने तेजस्वी को नमाज़वादी करार देते हुए कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट और संविधान दोनों का अपमान कर रहे हैं.

> उन्होंने तेजस्वी के 20 महीने की मांग वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार की जनता ने एक दशक से ज्यादा का समय राजद को दिया लेकिन उसे बदले में केवल कुशासन मिला. भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव और राजद समाजवाद नहीं, बल्कि एक विशेष समुदाय का तुष्टिकरण कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सभी वर्गों को समान रूप से सशक्त करना चाहते हैं, लेकिन तेजस्वी केवल शरिया की बात करते हैं.

**कैबिनेट ने लिया निर्णय** ▶ दो हजार की आबादी और 500 गौ-वंश होना जरुरी

## हर विधानसभा में एक वृंदावन ग्राम बनेगा : डॉ. यादव

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 जुलाई. गौवंश से गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार अब प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के एक गांव को वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित करेगी. इस गांव की पूरी अर्थव्यवस्था ही गौवंश पर आधारित होगी.**

वृंदावन ग्राम के लिए एक ऐसे गांव का चयन किया जाएगा, जिसकी आबादी कम से कम 2 हजार होगी और यहां कम से कम 500 गौवंश होंगे. यानी प्रत्येक 4 लोगों पर एक गौवंश का होना जरुरी है. कैबिनेट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. ये वृंदावन ग्राम अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ ही जिले में भी रोल मॉडल बनेंगे और दूसरे गांवों के लिये विकास का नया मॉडल पेश करेंगे. इसके बाद इस योजना का विस्तार होगा. वृंदावन ग्रामों को आदर्श गांव बनाने के लिए 27 मानक तय किये गये हैं, जिस पर अमल किया जाएगा. इसके अलावा अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली है.

**फिर से बनेंगे 1766 पुल, रक्षा विवि भी भोपाल में स्थापित होगा**



प्रदेश में ऐसे पुल जो कि पुराने हो गये हैं, उनके स्थान पर नये पुल बनाए जाएंगे. वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक 1766 पुलों के पुनर्निर्माण के लिए 4 हजार 572 करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे. कैबिनेट ने इस संबंध में पेश प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है. निर्णय के मुताबिक क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण किया जाकर बारहमासी संपर्क सुविधा प्रदान की जायेगी. वहीं राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय भोपाल में स्थापित होगा. इसके लिए राजीव गांधी विवि परिसर में फिलहाल 10 एकड़ जमीन दी जाएगी. जब तक आरआरयू का स्थायी भवन नहीं बन जाता, तब तक ये आरजीपीवी परिसर से ही संचालित होगी.

### फॉरेंसिक जांच के लिए 1266 नए पद मंजूर

कैबिनेट ने नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मप्र न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशालाओं में 202 वैज्ञानिक अधिकारी को शामिल कर कुल 1266 पदों की स्वीकृति दी है. नए कानून को लागू करने वाला मप्र देश का पहला राज्य है. इसके साथ ही अब पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विभागीय छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों के लिए मेस सुविधा शुरू होगी.

## रेलवे का नया ऐप 'रेलवन' लॉन्च

एक ही जगह मिलेगी सभी सुविधाएं : अश्विनी वैष्णव

**नयी दिल्ली, 1 जुलाई. भारतीय रेलवे ने यात्रियों को एक ही मंच पर सभी डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को 'रेलवन' मोबाइल ऐप लॉन्च किया. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस ऐप का उद्घाटन नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में सीआरआईएस के 40वें स्थापना दिवस पर किया.**



'रेलवन' ऐप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है. इसके जरिए यात्री अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट (3% छूट के साथ), रेलगाड़ी की लाइव स्थिति, शिकायत निवारण, ई-खानपान, कुली बुकिंग और टैक्सी सेवा जैसी सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे. हालांकि आरक्षित टिकट की बुकिंग अब भी आईआरसीटीसी के माध्यम से ही होगी, लेकिन यह ऐप रेलवे द्वारा अधिकृत है. इसमें सिंगल लॉगिन की सुविधा है और पुराने रेलकनेक्ट या यूटीएस ऐप के उपयोगकर्ता अपनी मौजूदा आईडी से भी लॉगिन कर सकते हैं.